साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 8 में से 4 बच्चे ही स्कूल आते हैं वो भी सिर्फ भोजन करने

जगदलपुर, (आरएनएस)। दक्षिण पश्चिम के सुकमा जिले के अंतर्गत एक ऐसा स्कूल है जहां आठ बच्चों का प्रवेश पंजीयन हुआ है और उसमें केवल चार बच्चे ही स्कूल आते हैं, वह भी मात्र मध्याह्न भोजन करने। इस प्रकार की स्थिति सुकमा जिले के विखं छिंदगढ़ के अंतर्गत पेंदलनार की प्राथमिक शाला इरपा की है। जहां पर यह जानकारी प्राप्त हुई है कि बच्चों के प्रवेश की संख्या मात्र आठ है और उसमें से चार बच्चे ही स्कूल में आते हैं, वह भी पढ़ने के लिए नहीं वरन भोजन करने के लिए। मध्याह्न भोजन मिलने के बाद बच्चे अपने घरों की ओर प्रस्थान कर जाते हैं तथा शेष बचे हुए स्कूल में पदस्थ दो शिक्षक विवशतावश पूरे समय अपनी सेवाएं देते हैं। यहां पर पदस्थ शिक्षकों ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने गांव के ग्रामीणों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए बार-बार अनुरोध किया लेकिन ग्रामीण उनका अनुरोध अनसुना कर देते हैं। इस संबंध में गांव के ग्रामीणों से चर्चा की गई तो उन्होंने जो बताया वह भी चौंकाने वाला था। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ बच्चे आश्रम शालाओं में पढ़ने के लिए गए हैं और जो बच्चे गांव में रह गए हैं वे बच्चे स्कूल जाना ही नहीं चाहते हैं। तो हम लोग जबरदस्ती बच्चों को कैसे स्कूल भेज सकते हैं। छिंदगढ़ के बीईओ से जब इस बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि उनके द्वारा स्कूल का निरिक्षण पिछले हफ्ते किया गया है, जहां उन्होंने ना तो बच्चों को देखा और ना ही दोनों शिक्षकों को बस केवल वहां पर पदस्थ रसोईया ही स्कूल को संभालते देखा गया। इस प्रकार दक्षिण बस्तर के प्रायः सभी जिलों की स्थिति शिक्षा के क्षेत्र में इसी प्रकार की है, जिसको सुधारा जाना असंभव तो नहीं लेकिन कठिन जरूर है।

### युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला

रायपुर,(आरएनएस)कचना फाटक के पास गणेशनगर में तीन युवकों ने पूर्व विवाद के चलते एक युवक से गाली-गलौज कर चाकू से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर पंडरी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश यादव पिता ओमप्रकाश यादव 23 वर्ष चंडी नगर पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात आरोपी सोनू धनकर पिता भीवा धनकर निवासी कचना, पप्पू साहू पिता टिकेश साहू 20 वर्ष निवासी चंडीनगर व विक्की सिंह पिता श्रवण सिंह 18 वर्ष निवासी चंडीनगर ने पूर्व विवाद के चलते प्रार्थी के भाई दीपक यादव से विवाद कर चाकू से पेट, गर्दन व जांघ के पास मारकर चोट पहुंचाया। जिससे गंभीर रूप से घायल दीपक यादव को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। वहीं प्रार्थी की शिकायत पर पंडरी पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### युवक पर ब्लेड से हमला

रायपुर,(आरएनएस)। सदानी दरबार के पास पंडरी में शराब के लिए पैसे की मांग कर युवक पर ब्लेड से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी साधु निर्मलकर पिता छोटू निर्मलकर 24 वर्ष संतोषी चौक सदानी दरबार के पास पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर प्रार्थी अपने घर के बाहर मोहल्ले में घुम रहा था तभी आरोपी सूरज निर्मलकर पिता अशोक निर्मलकर 24 वर्ष ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी के पेट पर ब्लेड से वार कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 327,294,506,323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाते तीन गिरफ्तार

रायपुर, (आरएनएस)। राजधानी में आतंक मचाने वाले तेज रफ्तार बाइकर्स के खिलाफ राजधानी पुलिस का अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। तीसरे दिन के अभियान में सिविल लाईन थाना पुलिस ने तीन बाइकर्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी करिज्मा मो.सा. क्रमांक सीजी 04-डीजे/6625 के चालक को भारत माता चौक के पास, आरोपी एफजेड मो.सा. क्रमांक सीजी 04-डीजेड/0856 के चालक को भारत माता चौक के पास मोटर सायकल को तेज लापरवाही पूर्वक चलाकर मानव जीवन को संकट उत्पन्न करते पाया गया। इसी तरह आरोपी स्पलेण्डर प्रो मोसा क्रमांक सीजी 04-एचजे/6993 के चालक को व्यस्त भारत माता चौक के पास बाइक को तेज एवं रफ्तार से चलाकर मानव जीवन पर संकट उत्पन्न करते हुए पाया गया। तीनों ही मामले में पुलिस ने सीधे बाइकर्स को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

### राजस्व निरीक्षक मंडल के पुनर्गठन हेतु दावा

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर मो. कैसर अब्दुल हक द्वारा कोरबा जिले में राजस्व निरीक्षक मंडल के पुनर्गठन हेतु राजस्व निरीक्षण मंडल प्रस्तावित किये जाने हेतु उद्घोषणा जारी किया गया है। प्रस्तावित राजस्व निरीक्षक मंडल पुनर्गठन के संबंध में आम नागरिक दावा-आपत्ति बुधवार 24 जनवरी सायं पांच बजे तक कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा कोरबा में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। प्राप्त दावा आपत्ति की सुनवाई 25 जनवरी 2018 को अपरांह तीन बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में की जायेगी। भू-अभिलेख शाखा कोरबा के अधिकारियों ने बताया कि इसकी उद्घोषणा संबंधी जानकारी एसडीएम कार्यालय कोरबा, कटघोरा, पोड़ीउपरोड़ा, तहसीलदार कार्यालय कोरबा, करतला, कटघोरा, पाली, पोड़ीउपरोड़ा एवं अधीक्षक कार्यालय कलेक्टर कोरबा के सूचना पटल पर अवलोकनार्थ रखा गया है।

### रोड जाम करने वाले दस वाहन चालक गिरफ्तार

रायपुर, (आरएनएस)। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती शाम आवागमन बाधित करने वाले 10 वाहन चालकों को गिरफ्तार किया गया, वहीं इन वाहन चालकों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है। तेलीबांधा थाना ने अपने इलाके में अभियान चलाकर आरोपी आटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04-टी/4669 के चालक को मरीन ड्राईव तलाब के पास से गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढियारी थाना पुलिस ने आरोपी टाटा एस क्रमांक सीजी 04-जेडी/1485 के चालक सहदेव साहू को गुढ़ियारी गोकुल नगर में, आरोपी आटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04-टीए/1852 के चालक प्रमोद दास को भारत माता चौक के पास, आरोपी टाटा एस क्रमांक सीजी 04-जेसी/9042 के चालक पारखत साहू को रामनगर कबीर चौक के पास, आरोपी टाटा एस क्रमांक सीजी 04-जेडी/5601 के चालक नरेंद्र कुमार मिरी को रामनगर कबीर चौक के पास आम रोड पर वाहन खड़ी कर आवागमन बाधित करते हुए पकड़ा गया। थाना देवेंद्रनगर पुलिस ने आरोपी आटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04-एलएच/1416 के चालक सुधीर बंजारे को पण्डरी कपड़ा मार्केट के पास से, आरोपी आटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04-एलएच/5241 के चालक रूपेश यादव को पण्डरी कपड़ा मार्केट में आवागमन बाधा उत्पन्न करते हुए पकड़ा गया। खमतराई थाना पुलिस ने आरोपी टाटा एस क्रमांक सीजी 07-सीए/1578 के चालक ओमप्रकाश साहू को मेन रोड बंजारी चौक के पास, आरोपी आटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04-एलआर/6603 के चालक गोलु कुमार केशरी को रावाभाठा बंजारी मंदिर के सामने, आरोपी टाटा माजदा क्रमांक सीजी 04-जी/6561 के चालक गणेशराम चक्रधारी को घटना स्थल रावाभाठा बंजारी मंदिर के सामने आम रोड पर आवागमन बाधित करते हुए पकड़ा गया।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग को कुचला

बलौदाबाजार,(आरएनएस)। गुरुवार को ग्राम टुण्डरी बस स्टैंड से थोडा आगे एक तेज रफ्तार ट्रक ने टुण्डरी निवासी मंशाराम साहू को कुचल दिया जिससे उसका पैर पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। वहीं तेज रफ्तार ट्रक चालक वाहन को घटमड़वा मेन रोड में ब्रेकर के पास छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना गिधौरी पुलिस को दी गयी जिसके बाद पुलिस गाड़ी को जब्त कर थाना ले गए। गौरतलब है कि टुण्डरी निवासी मंशाराम साहू सुबह नहाने जा रहा था जिसे तेज रफ्तार खाली ट्रक सीजी शून्य चार जेडी 8272 ने कुचला जिससे उसका पैर पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया जिसको देखते हुए ग्रामीणों ने एम्बुलेंस 108 को फोन कर बुलाया तथा अस्पताल बिलाईगढ़ ले गया वहीं घायल की नाजुक स्तिथि को देखते हुए बिलासपुर रिफर कर दिया गया वहीं घायल को बिलासपुर ले जाते रास्ते में मृत्यु हो गयी।

### कार की टक्कर से बाईक सवार महिला की मौत

रायपुर, (आरएनएस)। धनेली नाला के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाईक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दिया। जिससे बाईक में सवार महिला की मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रफिक मोहम्मद 52 वर्ष ग्राम कुंरा थाना धरसींवा का रहने वाला है। प्रार्थी गुरूवार की दोपहर अपनी मोटरसायकल क्रमांक सीजी 04 एलडब्लयू 9576 में अपनी पत्नी सरितून निशा 42 वर्ष व एक बच्चा को बिठाकर रायपुर की तरफ जा रहा था तभी पीछे से आ रही अज्ञात कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दिया। जिससे बाईक में पीछे बैठी महिला सरितून निशा अनियंत्रित होकर गिर गई और कार उसे रौंदते हुए भाग निकली। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके बच्चे व पति को मामूली चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### 2 से 8 फरवरी तक नहीं बन पाएगें लाइसेंस

राजनांदगांव,(आरएनएस)। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय द्वारा परिवहन विभाग का साफ्टवेयर अपग्रेडेशन का काम किया जा रहा है। जिसके कारण 2 से 8 फरवरी 2018 तक ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित काम नहीं हो पाएगे। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गनी खान ने बताया कि बताया कि एक राष्ट्र, एक आरटीओ की परिकल्पना के तहत आरटीओ राजनांदगांव में अब सारथी 4.0 का उपयोग किया जाएगा। प्रदेश में सबसे पहले इसकी शुरूआत बिलासपुर में हो चुकी है। अब राजनांदगांव में इस पर काम किया जाएगा। लोक सेवा केन्द्रों के अलावा अब कोई भी व्यक्ति खुद लाइसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

### 12 किलो गांजा के साथ 03 गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा,(आरएनएस)। बुधवार को देहात भ्रमण के दौरान क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि जैजैपुर का शत्रुहन चन्द्रा उर्फ दबंग ओड़िसा क्षेत्र से गांजा लेकर जैजैपुर अपने घर लेकर जा रहा है साथ मे बाहर का व्यक्ति भी है कि सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीथू कमल (भापुसे)के निर्देशन में ,एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज चन्द्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ति श्री अमित पटेल के कुशल मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा जैजैपुर पुलिस को साथ लेकर मुखबीर द्वारा बताए स्थान पर जाकर घेरा बंदी किया गया जो ग्राम मुक्ता के मंडी के पास दो मोटरसायकल में मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे 03 लोगो को पकड़ा गया पूछताछ में मोटरसायकल सीडी डीलक्स के चालक ने अपना नाम रघुनंदन गिरी और पल्सर मोटरसायकल के चालक ने अपना नाम शत्रुघ्न चन्द्रा उर्फ दबंग ,उसके पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम धनगांव निवासी एकादशियां निराला बताया, तलाशी लेने पर उनके पास से बोरी और मोटर सायकल की डिक्की में रखे मादक पदार्थ गांजा मिला जिन्हें विधिवत जप्त किया गया। उक्त गांजा को ओड़िसा क्षेत्र से लेकर आना और जैजैपुर क्षेत्र में आसपास खपत करने की योजना के बारे में बताया गया पकड़े गए आरोपियों से कुल 12 किलो गांजा जप्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 60000 रुपये लगभग है,आरोपियों के विरुद्ध थाना जैजैपुर में एन डी पी एस एक्ट की धारा 20 बी के तहत विधिवत कार्यवाही की गयी।

### आगजनी व पुलिस पर फायरिंग में शामिल 11 नक्सली गिरफ्तार

जगदलपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की सुकमा जिला पुलिस ने दबिश देकर वाहनों की आगजनी और पुलिस पर फायरिंग में शामिल छह महिलाओं समेत 11 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है, जो संगीन वारदातों में वांछित रहे हैं। बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि क्रिस्टारम थाने से डीआरजी एवं एसटीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी अभियान में ग्राम मरईगुड़ा की ओर रवाना की गयी थी। गश्त सर्चिंग के दौरान जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्ति लुकने-छिपने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सलियों के नाम निम्नानुसार हैं मड़कम जोगा, दुधी दुला, रवा हिड़मे, मडकम कोसी, मड़कम बुधरा, मड़कम भीमा, कवासी हिड़मा, पदम गंगी, मड़कम सन्नी, मड़कम देवे, रवा जोज्जे है। श्री सिंहा ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली विगत माह क्रिस्टारम थाना क्षेत्र के कासाराम गांव में सड़क निर्माण में संलग्न 27 वाहनों में आगजनी की थी। इसके अलावा उक्त नक्सली कासालपाड़ एवं धर्मापेंटा गांव के जंगल में पुलिस पर फायरिंग एवं आईईडी विस्फोट की वारदात में प्रमुख रूप से शामिल रहे हैं। इन घटनाओं के अतिरिक्त गिरफ्तार नकसली हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, लूटपाट, एवं सड़क काटने जैसी संगीन वारदातों में शामिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सलियों से पूछताछ के दौरान नक्सली गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं।

### कार की टक्कर से बाईक सवार महिला की मौत

रायपुर, (आरएनएस)। धनेली नाला के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाईक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दिया। जिससे बाईक में सवार महिला की मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रफिक मोहम्मद 52 वर्ष ग्राम कुंरा थाना धरसींवा का रहने वाला है। प्रार्थी गुरूवार की दोपहर अपनी मोटरसायकल क्रमांक सीजी 04 एलडब्लयू 9576 में अपनी पत्नी सरितून निशा 42 वर्ष व एक बच्चा को बिठाकर रायपुर की तरफ जा रहा था तभी पीछे से आ रही अज्ञात कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक को टक्कर मार दिया। जिससे बाईक में पीछे बैठी महिला सरितून निशा अनियंत्रित होकर गिर गई और कार उसे रौंदते हुए भाग निकली। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके बच्चे व पति को मामूली चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### अन्ना कबाड़ी के ठिकाने पर पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

कोरबा (आरएनएस)। पुलिस की नजर एक बार फिर कबाड़ के कारोबार पर टेढ़ी हो गई है। दीपका से पुलिस ने कार्रवाई की शुरूआत की है। कुख्यात अन्ना कबाड़ी के ठिकाने पर गुरूवार को दर्री सीएसपी की अगुवाई में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। नए एसपी की पदस्थापना के साथ ही कबाड़ियों पर गाज गिरने की संभावना बढ़ गई थी। कबाड़ी भी सतर्क थे, पुलिस के पहुंचने से पहले अन्ना कबाड़ी समेत उसके गुर्गे भाग निकले। कोयला और डीजल चोरी के अलावा कबाड़ के कारोबार की शिकायत की थी। तात्कालीन पुलिस अधीक्षक डी श्रवण के तबादले के बाद यह पत्र लिखा गया था। नए एसपी मयंक श्रीवास्तव ने पदस्थापना के तत्काल बाद कबाड़ के धंधे में लिप्त अपराधियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। दर्री सीएसपी पुष्पेंद्र बघेल व दीपका पुलिस की टीम दीपका.पाली मार्ग में संचालित अन्ना कबाड़ी के ठिकाने पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान काफी मात्रा में लोहे के ऐंगल, एल्यूमिनियम व पाइप मिले। प्रथम दृष्ट्या ही ये भारी भरकम कबाड़ एसईसीएल के कोयला खदानों व कोरबा में संचालित अन्य उद्योगों का नजर आ रहा। इसके पहले भी कई बार पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए कार्रवाई की, पर कुछ समय गुजरने के बाद ही यह कारोबार फिर से पनपने लगता है। कोरबा, कुसमुंडा, दर्री, पाली, कटघोरा समेत कई स्थानों पर कबाड़ का धंधा चल रहा है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि इस कारोबार से जुड़े लोगों को राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। इस राजनीतिक प्रभाव का असर खाकी वर्दी तक पहुंचता है और पुलिस असमंजस में पड़ जाती है। बहरहाल एक बार फि र इन गोरखधंधों पर पुलिस की कार्रवाई शुरू हुई है।

### स्मार्टकार्ड में आधार कार्ड नम्बर सीडिंग कार्य प्रारंभ

कोरबा (आरएनएस)। राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजनांतर्गत वर्ष 2013 एवं उसके बाद जारी सभी स्मार्ट कार्ड में परिवार के सभी सदस्यों के आधार नंबर की सीडिंग किये जाने हेतु कोरबा जिले के सभी ग्राम/वार्ड में शिविर आयोजित कर जिले हेतु अधिकृत युनाईटेड इंडिया इंश्यूरेंस कंपनी के अधिनस्थ मेडीअसिस्ट इंडीया टीपीए के वेंडर कंपनी वाईफ्लेक्स टेक्नॉलॉजी के कर्मचारियो द्वारा कार्य किया जायेगा। आधार सीडिंग जिले में 18 जनवरी से विकासखण्ड पाली से प्रारंभ किया गया है इस क्रम में नगरपंचायत पाली में दिनांक 18 जनवरी से 20 जनवरी तक मंगल भवन में शिविर आयोजित किया गया है तथा इसके बाद पाली विकासखण्ड में 24 जनवरी से ग्राम वार शिविर आयोजित कर आधार सीडिंग का कार्य किया जायेगा। राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के स्मार्ट कार्डधारी हितग्राही अपने स्मार्ट कार्ड एवं परिवार से सभी सदस्यो के आधार कार्ड के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपने स्मार्ट कार्ड मे आधार कार्ड नंबर की सीडिंग कराना सुनिश्चित करे। योजना संबंधित अधिक जानकारी या शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 104 पर संपर्क कर सकते है। वर्तमान में जिले में नये स्मार्ट कार्ड नही बनाये जा रहे है।

### अब परीक्षार्थियों को नहीं मिलेगा प्रश्नपत्र, परीक्षा हॉल में होगा डिस्प्ले

बिलासपुर, (आरएनएस)। बिलासपुर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग ने परीक्षाओं को पेपरलेस बनाने की ओर कदम बढ़ा दिया है। नए शिक्षण सत्र 2018-19 से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर यूटीडी से इसकी शुरुआत की जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र नहीं मिलेगा। परीक्षा हॉल में डिजीटल स्क्रीन लगा होगा, जिसमें प्रश्न डिस्प्ले होंगे। बीयू का परीक्षा विभाग परीक्षा पद्धति में सुधार को लेकर दो साल से प्रयासरत है। अब जाकर पहले चरण की सफलता हाथ लगी है। सावित्री बाई फूले यूनिवर्सिटी पुणे और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के निरीक्षण के बाद निर्णय लिया गया है कि नए सत्र से परीक्षा पद्धति में बदलाव किया जाएगा। परीक्षार्थियों को सिर्फ पेन रखना होगा। प्रवेश पत्र और प्रश्नपत्र से मुक्ति मिलेगी। बायामेट्रिक अटेंडेंस के साथ परीक्षा हॉल में बड़ा डिजीटल स्क्रीन लगा होगा। इसमें विषयवार प्रश्न डिस्प्ले होते रहेंगे। दावा किया जा रहा है कि परीक्षार्थियों को देखने में भी कोई दिक्कत नहीं होगी। परीक्षा केंद्र में आपात स्थिति में बिजली गुल या इंटरनेट की समस्या से निपटने भी पुख्ता इंतजाम होंगे। सहायक कुलसचिव सीएचएल टंडन का कहना है कि नई व्यवस्था से काफी फायदा होगा। सभी केंद्रों में शुरुआत होगी तब प्रश्नपत्र भेजने गाड़ियों की जरूरत भी नहीं होगी। कर्मचारियों द्वारा बीच में किसी तरह की गड़बड़ी, बंडल खुलने आदि की परेशानी भी नहीं रहेगी और कागज की बचत होगी। वर्तमान में यूटीडी में पांच विभाग हैं, जिसमें पांच सौ विद्यार्थी हैं। सबकुठ ठीक होने पर सत्र 2019-20 से संभाग के सभी कॉलेजों में इसे लागू किया जाएगा। प्राचार्यों को मिलेगी ट्रेनिंग परीक्षा पद्धति में सुधार को लेकर 22 जनवरी को बीयू के बिलासा सभागार में एक वर्कशॉप भी होगा। इसमें संभाग के 168 कॉलेजों के प्राचार्यों को बुलाया गया है। वर्कशॉप में देश के चुनिंदा संस्थानों के एक्सपर्ट भी पहुंचेंगे। परीक्षा पद्धति में सुधार को लेकर वे नए आइडियाज देंगे। इसके अलावा देश के जिन यूनिवर्सिटी में इस सिस्टम को अपनाया गया है, उसके बारे में अवगत कराया जाएगा। सिस्टम ऐसे करेगा काम परीक्षा विभाग सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार करेगा। परीक्षा से ठीक पहले केंद्राध्यक्षों को प्रश्नपत्र ऑनलाइन अधिकृत ई-मेल पर भेजा जाएगा। केंद्र में एक्सपर्ट की टीम मौजूद रहेगी। परीक्षा शुरू होने से ठीक 15 मिनट पहले इस मेल को खोला जाएगा। खास बात यह है कि इसका पासवर्ड केंद्राध्यक्ष को उसी समय पता चलेगा। हर पेपर का अलग-अलग पासवर्ड होगा। इसके बाद प्रश्नपत्र ऑटोमेटिक डिस्प्ले बोर्ड में नजर आने लगेगा। परीक्षा का निर्धारित समय समाप्त होने के बाद डिस्प्ले बंद होने के साथ ही प्रश्न व गोपनीयता से जुड़े डेटा डिलीट हो जाएंगे। केवल गोपनीय विभाग के पास इसका डेटा रहेगा। ईसी से अनुमति जरूरी परीक्षा विभाग ने भले ही पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे लागू करने तैयार है, लेकिन बिना विद्या परिषद और कार्यपरिषद की अनुमति से इसे लागू करना असंभव है। परीक्षा विभाग के अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि प्रोजेक्ट पर काम हो चुका है। प्रस्ताव भी तैयार है। अनुमति के बाद ही इसे लागू करेंगे। फरवरी या मार्च में बैठक संभव है। इंदौर में पूरा खाका बिलासपुर विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ.प्रवीण पाण्डेय और सहायक कुलसचिव परीक्षा श्री टंडन इंदौर गए हुए हैं। फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि परीक्षा पद्धति में सुधार आज उच्च शिक्षा की पहली मांग है। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय वर्कशॉप में देशभर के यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया है। डिस्प्ले सिस्टम को लागू किया जाएगा, इसके लिए सभी प्रयासरत हैं। - डिजीटल स्क्रीन पर प्रश्नपत्र डिस्प्ले करने की योजना है। यूटीडी में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू करेंगे। 22 को प्राचार्यों के लिए स्पेशल वर्कशॉप आयोजित है, ताकि वे तैयारी कर सकें। इससे छात्रों और यूनिवर्सिटी दोनों को सहुलियत होगी। गोपनीयता व सुरक्षा को बल मिलेगा। - डॉ.प्रवीण पाण्डेय, परीक्षा नियंत्रक, बिलासपुर विश्वविद्यालय